दिनांक—09.10.2024 समय—7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश में उत्पादित मसूर, उड़द और तुअर की भी होगी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी।
- श्योपुर में आज होगा संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का जागरूकता सम्मेलन।
- सहकारिता विभाग से संबंधित सभी कार्यालयों को बनाया जाएगा किसानों के अनुकूल।
- भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच आज।
-

समाचार विस्तार सेः—

ग्रामीण स्वरोजगार कार्यक्रम

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल सीहोर जिले के भैरूंदा में ग्रामीण विकास मंत्रालय के ग्रामीण स्वरोजगार कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास सखी मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। 18 राज्यों के 100 समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्रों — सीएमटीसी का उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत 500 किमी नयी पक्की सड़कों का शिलान्यास तथा ग्राम सड़क सर्वेक्षण एवं प्लानिंग टूल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में मसूर, उड़द, तुअर जितना पैदा होगा उतना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पूरा खरीदेंगे ताकि किसानों को उसके ठीक दाम मिलें।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गांवों को विकसित बनाने का महा अभियान चल रहा है। गांव सशक्त बनें, समृद्ध और आत्मनिर्भर हों, इसके लिए हम संकल्पित हैं। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीहोर जिले के 52 हजार 818 तेंदूपत्ता संग्राहकों को 2 करोड़ 70 लाख रूपये बोनस राशि का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने सीहोर जिले के 52 हजार 818 तेंदूपत्ता संग्राहकों को 2 करोड़ 70 लाख रूपये बोनस राशि का वितरण भी किया।

सम्पदा 2.0 सॉफ्टवेयर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के सम्पदा 2.0 सॉफ्टवेयर को जारी करेंगे। वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवडा ने बताया कि इस उन्नत सॉफ्टवेयर के पायलट प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन गुना, हरदा, डिण्डौरी और रतलाम जिलों में सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। गुरूवार से इसे प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू किया जायेगा। सम्पदा 2.0 की विशेषताओं में संपत्ति की जीआईएस मैपिंग, बायोमैट्रिक पहचान और दस्तावेजों का स्वतः प्ररूपण शामिल है। इस प्रणाली में दस्तावेजों का निष्पादन ई—साइन और डिजिटल सिग्नेचर से किया जाएगा। सम्पदा 2.0 विशेष मोबाइल एप भी लॉन्च किया जा चुका है।

वन प्रबंधन समिति सम्मेलन

श्योपुर जिले की तहसील वीरपुर की कृषि उपज मण्डी परिसर में आज संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का जागरूकता सम्मेलन होगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 18 करोड़ 94 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 38 करोड़ 48 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमि—पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा वन समिति के सदस्यों के बच्चों को स्कूल बैग का वितरण भी किया जायेगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष विधानसभा नरेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

प्रधानमंत्री—लाओस यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से लाओस की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान श्री मोदी राजधानी वियनतियाने में आयोजित 21वें आसियान—भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर

सम्मेलन में भाग लेंगे। इसका आसियान का वर्तमान अध्यक्ष लाओस होगा। शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री के द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है।

सीतारमण–बैंकों की समझदारी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज इस बात पर जोर दिया कि बैंकों को जोखिम कम करते हुए लाभ कमाने के लिए ऋण देने में समझदारी दिखानी चाहिए। मुंबई में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने अत्यधिक ऋण और कम ऋण, दोनों के खिलाफ आगाह किया। उन्होंने कहा कि ज्यादा ऋण देने से परिसंपत्ति गुणवत्ता पर दबाव पड़ सकता है और कम ऋण देने से लोगों के लाभ और आर्थिक विकास में बाधा आ सकती है। उन्होंने बैंकों से उन्नत तकनीक अपनाने और साइबर सुरक्षा के लिए पेशेवरों पर अधिक खर्च करने का आग्रह किया, जो साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

सहकारिता समीक्षा

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सहकारिता विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सहकारिता विभाग से संबंधित सभी कार्यालयों को रिडिजाइन किया जाये। ऑफिस को अपडेट रखे, उसका डिजिटाइजेशन भी हो। मोटिवेशन स्लोगन लगाये जाये। किसानों को भी शिक्षित करने का कार्य किया जाये। वहाँ उनके उपयोग की जानकारी हो। उन्होंने कहा कि उपार्जन के लिये सर्वेयर और समिति प्रबंधक की हाई क्लास ट्रेनिंग करवाई जाये। इसके लिये कम से कम 600 चयनितों का उपयोगी प्रशिक्षण हो। उन्होंने कहा कि सहकारिता के प्रोडक्ट सेल करने के लिये एक नियत स्थान का चयन भी किया जाये, जिसमें आसानी से एक ही स्थान पर सभी तरह के प्रोडक्ट उपलब्ध रहें।

अलाउद्दीन खां समारोह

उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का 50वां आयोजन कल मैहर स्टेडियम में प्रारंभ हुआ। सांसद गणेश सिंह और विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने बाबा अलाउद्दीन खां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 10 अक्टूबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय समारोह की पहली सभा में मैहर वादय वृंद के कलाकारों द्वारा वृंद वादन से संगीत सभा की शुरुआत की गई। समारोह में नवरात्रि में देवी 108 नाम रहस्यों पर आधारित लघु चित्र तथा शास्त्रीय संगीत के तंतु तार वाद्यों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है।

क्रिकेट–पुरुष

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम आज दिल्ली के अरुण जेटली अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगी। भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होने वाला यह मैच दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। रविवार को ग्वालियर में खेले गए पहले मैच में भारत ने बांग्लादेश पर सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की थी।

बचपन मनाओ उत्सव

छतरपुर जिले में आंगनवाड़ियों को सुदृढ़ बनाने एवं बच्चों की स्कूल पूर्व शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए आज बचपन मनाओ वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिले में पहली बार एक साथ सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर यह उत्सव आयोजित किया जाएगा। डीपीओ राजीव सिंह ने बताया कि जिले की 500 आंगनवाड़ियों को नर्सरी स्कूल के रूप में विकसित किया गया है। जिसमें से 150 केंद्रों पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बच्चों की प्रतियोगिताएं और उपलब्धियों का प्रदर्शन होगा।

कबाड़ से जुगाड़–कटनी

कटनी के कैमोर नगर परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ की थीम पर चंद्रयान–3 की प्रतिकृति का निर्माण किया गया। जिसका लोकार्पण नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा अजय शर्मा द्वारा किया गया। चंद्रयान 3 की लॉचिंग टीम में शामिल रही श्रीमती मेघा भट्ट भी इस कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जुड़ी। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान अन्तरिक्ष से जुड़े विषयों पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ग्वालियर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर खुरैरी–बड़ागाँव के समीप एक नवनिर्मित हॉस्पिटल का उदघाटन करेंगे।
- सिंगरौली जिले मे कोदो कुटकी सॉवा को बढ़ावा देने के लिए सिंगदेव महिला किसान उत्पादक प्रोडूसर कम्पनी लिमिटेड प्रसंस्करण ईकाई के दूसरे प्लांट का लोकार्पण राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने किया।
- राज्य में किसानों के लिये फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत की गयी है। खंडवा के अधीक्षक भू–अभिलेख विभाग द्वारा बताया गया कि इस प्रणाली के तहत प्रत्येक किसान का एक विशिष्ट किसान आई. डी बनाया जायेगा जिसका उद्देश्य किसान की पहचान एवं उनकी जानकारी को सुरक्षित रखना है।
- प्रदेश में दशहरा एवं दिवाली पर्व पर उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए मिठाई, नमकीन, बर्तन, पेन्ट एवं सराफा व्यापारियों के यहाँ नाप–तौल उपकरणों की जाँच के लिये आज से 30 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा।
- मुरैना में शक्तिअभिनंदन अभियान के अंतर्गत बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत 11 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।
- कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को ग्वालियर की एम पी एम एल ए कोर्ट ने कल सबूतों के अभाव में दोष मुक्त कर दिया।
- शिवपुरी जिले में नाप–तौल विभाग द्वारा चलाये गये जांच अभियान के दौरान माह अप्रैल से सितम्बर तक 6 माह में 86 संस्थानों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं।
- डिन्डोरी में आयोजित 68 वीं शालेय राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में जनजाति कार्य विभाग की बालिकाओ की टीम ने उज्जैन को हरा कर विजेता बनी।

....................................